प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

[14/2/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 51]

परिशिष्ट – 1

विधान सभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 51 द्वारा श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह सत्र–फरवरी 2024 के प्रश्नांश "क" की जानकारी

स.क्र.	मार्ग का नाम	रकबा (हेक्टेयर में)	अद्यतन स्थिति
1	गुंदलहा से मडैयन मार्ग।	3.269	प्रकरण भारत सरकार को दिनांक 28.02.2023 से स्वीकृति हेतु भेजा गया था। भारत सरकार ने अपने पत्र दिनांक 31.03.2023 से निरस्त कर दिया गया था। आवेदक संस्थान के अनुरोध पर प्रस्ताव पुनः दिनांक 06.04.2023 से प्रेषित किया गया। भारत सरकार ने पत्र दिनांक 12.05.2023 से 03 बिन्दुओं पर अतिरिक्त जानकारी चाही गई। पत्र दिनांक 12.06.2023 से जानकारी प्रेषित की गई। भारत सरकार ने अपने पत्र दिनांक 12.07.2023 से प्रकरण में वन्यप्राणी अनुमति प्राप्त कर भेजने हेतु निर्देश दिए गए, जिसके तारतम्य में पत्र दिनांक 14.07.2023 से भारत सरकार को यह लेख किया गया कि वन्यप्राणी अनुमति एवं वन (संरक्षण) अधिनियम की अनुमति समान्तर रूप से जारी रहेगी, किन्तु भारत सरकार द्वारा अपने पत्र दिनांक 14.08.2023 वन्यप्राणी अनुमति प्राप्त होने के उपरांत ही प्रकरण में स्वीकृति की कार्यवाही पर विचार किया जा सकता है, लेख किया गया। प्रकरण वर्तमान में राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की बैठक न होने से विभाग स्तर पर लंबित है।
2	छतैनी से ब्रजपुर मार्ग।	1.5076	इस मार्ग की स्वीकृति के संबंध में आवेदक द्वारा ऑनलाईन प्रकरण क्रमांक / FP/MP/ROAD/456024/2023 से आवेदन किया गया है। संयुक्त जांच स्थल निरीक्षण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग–2 की पूर्ति उपरांत राज्य शासन के प्रशासकीय अनुमोदन उपरांत भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जावेगा।
3	हरसा गेट से सलैया मार्ग।	5.40	आवेदक संस्थान द्वारा वन्यप्राणी अनुमति हेतु ऑनलाईन आवेदन क्रमांक / FP/MP/ROAD/5182/2020 से किया गया है। प्रकरण भारत सरकार नई दिल्ली के स्तर पर वन्यप्राणी अनुमति हेतु लंबित है।
4	अजयगढ़ कस्बे से अजयपार मार्ग	0.063	प्रकरण में पत्र दिनांक 31.07.2023 से सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई है। सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों का पालन प्रतिवेदन आवेदक संस्थान से अप्राप्त है। प्राप्त होने पर औपचारिक स्वीकृति जारी की जावेगी।
5	गहरा से इमलौनिया पनारी मार्ग	-	गहरा से इमलौनिया पनारी मार्ग के संबंध में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग (कक्ष 3)
मंत्रालय, भोपाल

C:\Users\ajeet\Downloads\Q.N 51.doc